# एसडी कॉलेज-32 में गैर-केंद्रीकृत पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले शुरू

चंडीगढ़। सेक्टर-32 के गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (एसडी) कॉलेज ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए गैर-केंद्रीकृत (नॉन-सेंट्रलाइज्ड) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। कॉलेज प्रशासन ने इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को घर बैठे आवेदन करने की सुविधा मिलेगी।

प्रवेश के लिए आवेदन करते समय विद्यार्थियों को 1200 रुपये का पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। वहीं छात्रावास (होस्टल) में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को अतिरिक्त 950 रुपये का शुल्क भी देना होगा। कॉलेज ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए केवल एक ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। किसी भी छात्र द्वारा एक ही कोर्स के लिए एक से



**ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य, 1200 रुपये पंजीकरण शुल्क; मेरिट के आधार पर होगा प्रवेश**

अधिक आवेदन करने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

प्रवेश और छात्रावास आवंटन पूरी तरह मेरिट के आधार पर किया जाएगा। मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों को शुल्क जमा करने संबंधी सूचना भेजी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर निर्धारित फीस जमा करनी होगी। ब्यूरो

अमर उजाला 30/6/2026

# एसडी कॉलेज में स्किल आधारित बीवोक कोर्स, पढ़ाई के साथ रोजगार की भी तैयारी


**पढ़ाई के साथ प्रैक्टिकल पर जोर, ताकि विद्यार्थी उद्योगों की जरूरत के अनुसार कौशल सीख सकें**

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज ने विद्यार्थियों के लिए स्किल आधारित यूजी और पीजी प्रोग्राम शुरू किए हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि ऐसी व्यावहारिक ट्रेनिंग देना है जो नौकरी और करियर में सीधे काम आए।

कॉलेज के अनुसार इन कोर्सों में विद्यार्थियों की तकनीकी जानकारी, कम्युनिकेशन स्किल, रचनात्मक सोच और प्रोफेशनल क्षमता विकसित की जाएगी। इससे वे पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे।

आज के समय में कंपनियां ऐसे युवाओं को प्राथमिकता देती हैं, जिनके पास पढ़ाई के साथ व्यावहारिक कौशल भी हो। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए इन कोर्सों को तैयार



किया गया है।

कॉलेज में नॉन-सेंट्रलाइज्ड दाखिला के तहत बैचलर ऑफ वोकेशन (बीवोक) के सात कोर्स उपलब्ध हैं। इनमें फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपैरल डिजाइन, फूड प्रोसेसिंग एंड प्रिजर्वेशन, हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग, लॉजिस्टिक मैनेजमेंट, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी और रिटेल मैनेजमेंट शामिल हैं।

इन कोर्सों में विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाई के साथ प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे उद्योगों की जरूरत के अनुसार कौशल सीख सकें।

कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा का कहना है कि इन कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, रोजगार के अवसर बेहतर होंगे और वे भविष्य की बदलती जरूरतों के अनुसार अपने करियर को मजबूत बना सकेंगे।

यह कोर्स उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हैं जो पढ़ाई के साथ रोजगारपरक कौशल हासिल करना चाहते हैं।

ਜਗਬਾਣੀ 23-6-26


**ਮਿਸ਼ਨ ਐਡਮਿਸ਼ਨ** | ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ 12 ਸਰਕਾਰੀ ਤੇ ਨਿੱਜੀ ਕਾਲਜਾਂ 'ਚ ਦਾਖ਼ਲੇ ਲਈ ਦੌੜ ਤੇਜ਼, 5 ਦਿਨਾਂ 'ਚ ਸੀਟਾਂ ਨਾਲੋਂ ਵੱਧ ਅਰਜ਼ੀਆਂ

# ਬੀ.ਬੀ.ਏ. ਦੀ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਧ ਮੰਗ, 560 ਸੀਟਾਂ ਲਈ 1950 ਅਰਜ਼ੀਆਂ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 22 ਜੂਨ (ਸ਼ੀਨਾ): ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ 12 ਸਰਕਾਰੀ ਤੇ ਨਿੱਜੀ ਕਾਲਜਾਂ 'ਚ ਗ੍ਰੈਜੂਏਸ਼ਨ ਪਹਿਲੇ ਸਾਲ ਦੇ ਦਾਖ਼ਲਿਆਂ ਲਈ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦਾ ਭਾਰੀ ਉਤਸ਼ਾਹ ਦੇਖਣ ਨੂੰ ਮਿਲ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਉੱਚ ਸਿੱਖਿਆ ਵਿਭਾਗ ਵੱਲੋਂ 18 ਜੂਨ ਤੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਕੇਂਦਰੀਕ੍ਰਿਤ ਦਾਖ਼ਲਾ ਪ੍ਰਕਿਰਿਆ ਦੇ ਸਿਰਫ਼ ਪੰਜ ਦਿਨਾਂ ਅੰਦਰ ਹੀ ਉਪਲਬਧ ਸੀਟਾਂ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਕਾਫ਼ੀ ਵੱਧ ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋ ਚੁੱਕੀਆਂ ਹਨ। ਵਿਭਾਗ ਵੱਲੋਂ ਬੀ.ਕਾਮ, ਬੀ.ਬੀ.ਏ. ਤੇ ਬੀ.ਸੀ.ਏ. ਕੋਰਸਾਂ ਲਈ ਆਨਲਾਈਨ ਦਾਖ਼ਲਾ ਪ੍ਰਕਿਰਿਆ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜਦਕਿ ਬੀ.ਏ. ਤੇ ਬੀ.ਏ. ਆਨਰਜ਼ 'ਚ ਦਾਖ਼ਲੇ ਸਬੰਧਤ ਕਾਲਜ ਆਪਣੇ ਪੱਧਰ 'ਤੇ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਅੰਕੜਿਆਂ ਮੁਤਾਬਕ ਬੀ.ਬੀ.ਏ. ਕੋਰਸ ਲਈ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਧ ਮੁਕਾਬਲਾ ਦੇਖਣ ਨੂੰ ਮਿਲ ਰਿਹਾ ਹੈ। 560 ਸੀਟਾਂ ਲਈ 1950 ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਜਦਕਿ ਬੀ.ਸੀ.ਏ. ਦੀਆਂ 880 ਸੀਟਾਂ ਲਈ 1650 ਤੇ ਬੀ.ਕਾਮ ਦੀਆਂ 2310 ਸੀਟਾਂ ਲਈ 3019 ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਆਈਆਂ ਹਨ।

## ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ ਕਾਲਜਾਂ 'ਚ ਹੈਲਪ ਡੈਸਕ ਸਥਾਪਤ

ਦਾਖ਼ਲਾ ਪ੍ਰਕਿਰਿਆ ਨੂੰ ਸੁਚਾਰੂ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ ਸਾਰੇ ਕਾਲਜਾਂ 'ਚ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਹੈਲਪ ਡੈਸਕ ਬਣਾਏ ਗਏ ਹਨ। ਇੱਥੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਨਵੀਂ ਸਿੱਖਿਆ ਨੀਤੀ (ਐੱਨ.ਈ.ਪੀ.), ਵਿਸ਼ਾ ਚੋਣ, ਚਾਰ ਸਾਲਾ ਡਿਗਰੀ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਤੇ ਆਨਲਾਈਨ ਅਰਜ਼ੀ ਸਬੰਧੀ ਜਾਣਕਾਰੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਦੁਪਹਿਰ 3 ਵਜੇ ਤੱਕ ਕੈਂਪਸ 'ਚ ਜਾ ਕੇ ਸਹਾਇਤਾ ਲੈ ਸਕਦੇ ਹਨ।



### ਸੀਟਾਂ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਅਰਜ਼ੀਆਂ

| ਕੋਰਸ | ਸੀਟਾਂ | ਅਰਜ਼ੀਆਂ |
|---|---|---|
| ਬੀ.ਕਾਮ | 2310 | 3019 |
| ਬੀ.ਬੀ.ਏ. | 560 | 1950 |
| ਬੀ.ਸੀ.ਏ. | 880 | 1650 |

### ਮੈਰਿਟ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਹੋਰ ਉੱਚੀ

ਸਿੱਖਿਆ ਮਾਹਰਾਂ ਦਾ ਮੰਨਣਾ ਹੈ ਕਿ ਸੀਟਾਂ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਕਾਫ਼ੀ ਵੱਧ ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਆਉਣ ਕਾਰਨ ਇਸ ਸਾਲ ਦਾਖ਼ਲੇ ਲਈ ਮੁਕਾਬਲਾ ਹੋਰ ਤਿੱਖਾ ਰਹੇਗਾ। ਖ਼ਾਸ ਕਰਕੇ ਬੀ.ਬੀ.ਏ. ਤੇ ਬੀ.ਸੀ.ਏ. ਕੋਰਸਾਂ 'ਚ ਮੈਰਿਟ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਨਾਲੋਂ ਉੱਚੀ ਜਾਣ ਦੀ ਸੰਭਾਵਨਾ ਹੈ।

### ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਦਾਖ਼ਲਾ ਸ਼ਡਿਊਲ

| ਮਿਤੀ | ਵੇਰਵਾ |
|---|---|
| 28 ਜੂਨ | ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਵਾਉਣ ਦੀ ਅੰਤਮ ਤਰੀਕ |
| 1 ਜੁਲਾਈ (ਸ਼ਾਮ 5 ਵਜੇ) | ਕਾਮਨ ਲਿਸਟ ਜਾਰੀ |
| 3 ਜੁਲਾਈ [illegible] | ਆਬਜੈਕਸ਼ਨ ਦਰਜ ਕਰਨ ਦੀ ਅੰਤਮ ਮਿਤੀ |
| 9 ਜੁਲਾਈ (ਸ਼ਾਮ 5 ਵਜੇ) | ਪ੍ਰੋਵਿਜ਼ਨਲ ਮੈਰਿਟ ਲਿਸਟ ਜਾਰੀ |
| 11 ਜੁਲਾਈ (ਦੁਪਹਿਰ 2 ਵਜੇ) | ਕੋਰਸ ਤੇ ਕਾਲਜ ਅਲਾਟਮੈਂਟ ਲਿਸਟ |
| 13 ਜੁਲਾਈ | ਪਹਿਲੀ ਆਨਲਾਈਨ ਕੌਂਸਲਿੰਗ |
| 18 ਅਤੇ 19 ਜੁਲਾਈ | ਦੂਜੀ ਆਨਲਾਈਨ ਕੌਂਸਲਿੰਗ |
| 22 ਜੁਲਾਈ | ਖ਼ਾਲੀ ਰਹਿ ਗਈਆਂ ਸੀਟਾਂ ਕਾਲਜ ਆਪਣੇ ਪੱਧਰ 'ਤੇ ਭਰਨਗੇ |

[illegible]

शहर के 12 डिग्री कालेज और रीजनल इंस्टीट्यूट में चल रही है दाखिला प्रक्रिया

# 11 कॉलेजों में 5 दिन में बी.कॉम. स्ट्रीम में सीटों से अधिक आवेदन

चंडीगढ़, 22 जून (आशीष): शहर के 12 सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया के पांच दिन के अंदर ही सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक प्रथम वर्ष की दाखिला प्रक्रिया 18 जून से शुरू की है, जो 28 जून तक चलेगी। विभाग बी.काम., बी.बी.ए. और बी.सी.ए. के दाखिले सैंट्रलाइज करवा रहा है। वहीं, बी.ए. और बी.ए. आनर्स संकाय की दाखिला प्रक्रिया कालेज अपने स्तर पर कर रहे हैं।

सैंट्रलाइज प्रक्रिया को आई.टी. विभाग की स्पिक सोसायटी संचालित कर रही है, जिसके पास 22 जून तक सीटों से अधिक आवेदन पहुंच चुके हैं। आवेदन के बाद 20 जुलाई तक दो काऊंसिलिंग होंगी और 22 जुलाई को कालेज अपने स्तर पर आवेदन करने वाले को दाखिला दे सकेगा।

## सोमवार तक पहुंचे आवेदन

| संकाय का नाम | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीकाम | 2310 | 3019 |
| बीबीए | 560 | 1950 |
| बीसीए | 880 | 1650 |

## कालेज हैल्पडेस्क स्थापित करने के साथ कर रहे आनलाइन दाखिला

सैंट्रलाइज संकाय के अलावा नान सैंट्रलाइज संकाय में दाखिले के लिए ऑनलाइन के अलावा सभी कालेजों ने विशेष हैल्प डेस्क भी स्थापित किए हैं। हैल्प डेस्क विद्यार्थियों को एन.ई.पी. 2020 के अनुसार सब्जैक्ट कॉम्बिनेशन और चार वर्षीय पढ़ाई की जानकारी करने के साथ आवेदन प्रक्रिया भी पूरी करवा रहे हैं। कालेजों में ऑफलाइन आवेदन की जानकारी हासिल करने या फिर आवेदन के लिए विद्यार्थी दोपहर तीन बजे तक कैम्पस पहुंच सकते हैं।

## हैल्पलाइन नंबर जारी

कॉलेजों में छात्रों की सुविधा के लिए हैल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। कॉलेजों के अनुसार कॉल कर जानकारी या अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।




| कॉलेज | नंबर |
|---|---|
| डी.ए.वी.-10 | 0172-2754400 |
| पी.जी.जी.सी.-11 | 0172-2740597 |
| पी.जी.जी.सी.जी.-11 | 0172-2760038 |
| एस.जी.जी.एस.सी.-26 | 8437766329<br>9815755859<br>8556928121 |
| जी.जी.एस.सी.डब्ल्यू.-26 | 0172-2791610<br>2792757<br>6280791455 |
| जी.जी.डी.एस.डी.-32 | 0172-4912400 |
| आर.आई.सी.एम.-32 | 0172-2600557 |
| एम.सी.एम. डी.ए.वी.-36 | 9915083048,<br>8699002294,<br>8699790622 |
| पी.जी.जी.सी.जी.-42 | 7347208069<br>7347374057 |
| देव समाज कालेज-45 | 8427012639,<br>6284201294 |
| पी.जी.जी.सी.-46 | 9464390046 |
| जी.सी.सी.बी.ए.-50 | 7589560896 |

## कॉलेजों में सैंट्रलाइज्ड एडमिशन के लिए बी.कॉम., बी.सी.ए. और बी.बी.ए. की सीटें और बी.ए. में कालेज अपने स्तर पर दाखिला करेगा

| कॉलेज | बी.काम. | बी.सी.ए. | बी.बी.ए. |
|---|---|---|---|
| डी.ए.वी.-10 | 280 | 120 | 120 |
| पी.जी.जी.सी-11 | 140 | 120 | 80 |
| पी.जी.जी.सी.जी.-11 | 140 | — | — |
| एस.जी.जी.एस.सी.-26 | 350 | 120 | 120 |
| जी.जी.एस.सी.-26 | 140 | 40 | — |
| जी.जी.डी.एस.डी.सी.-32 | 420 | 180 | 180 |
| आर.आई.सी.एम.-32 | — | — | 40 |
| एम.सी.एम. डी.ए.वी.-36 | 280 | 80 | 40 |
| पी.जी.जी.सी.जी.-42 | 140 | 120 | — |
| देव समाज-45 | 140 | 80 | 40 |
| पी.जी.जी.सी.-46 | 140 | 40 | 40 |
| सैक्टर-50 गवर्नमैंट कालेज फॉर कॉमर्स एंड बि. एडमिनिस्ट्रेशन | 140 40 80 | | |

## सैक्टर-32 स्थित जी.जी.डी.एस.डी. कालेज में सीटें

सैक्टर-32 स्थित जी.जी.डी.एस.डी. कालेज में बी.कॉम. फर्स्ट ईयर अंडर ग्रेजुएट में 140, सैल्फ फाइनैंस में 120 और टैक्स प्लैनिंग एंड मैनेजमैंट में 70 सीटें हैं। सैक्टर-45 स्थित देव समाज कालेज में बी.काम. फर्स्ट ईयर अंडर ग्रेजुएट में 70 और सैल्फ फाइनैंस में 50, सैक्टर-36 स्थित एम.सी.एम. डी.ए.वी. कालेज में बी.काम. फर्स्ट ईयर अंडर ग्रेजुएट में 70 और सैल्फ फाइनैंस में 210, सैक्टर-26 स्थित एम.जी.जी.एस. में बी.काम. फर्स्ट ईयर अंडर ग्रेजुएट में 280 और टैक्स प्लैनिंग एंड मैनेजमैंट में 70 सीट हैं।

## सैंट्रलाइज्ड एडमिशन

28 जून : आवेदन की अंतिम तिथि

1 जुलाई : 5 बजे कॉमन लिस्ट जारी होगी

3 जुलाई 5 बजे तक ऑनलाइन ऑब्जैक्शन कर सकेंगे

9 जुलाई : 5 बजे प्रोविजनल प्रोविजनल मैरिट और 11 जुलाई दोपहर 2 बजे कोर्स और कॉलेज अलॉटमैंट लिस्ट

22 जुलाई : बी.बी.ए., बी.सी.ए. और बी.काम. में खाली सीट रहने पर अपने स्तर पर भर सेकेंगे।

## ऑनलाइन कोर्स की काऊंसिलिंग

ऑनलाइन काऊंसिलिग कोर्स के सामान्य वर्ग यू.टी. पूल और आऊटसाइड यू.टी. पूल 13 जुलाई प्रात: 10 बजे, 13 जुलाई को आरक्षित सीटों की काउंसिलिंग प्रात 10 बजे से आरंभ होगी।

द्वितीय काऊंसिलिंग : ऑनलाइन कोर्स की काऊंसिलिंग सामान्य वर्ग यू.टी. पूल और आऊट साइड यू.टी. पूल 18 जुलाई को प्रात 10 बजे, 19 जुलाई को आरक्षित सीटों की काउंसिलिंग प्रात 10 बजे से आरंभ होगी। उच्च शिक्षा विभाग की वैबसाइट पर 15 जुलाई सायं 6 बजे तक खाली सीट की प्रदान की जानकारी प्रदान करनी होगी।

अमर उजाला 3/7/26

# 20 जुलाई तक इंटर्नशिप रिपोर्ट जमा करें विद्यार्थी

**चंडीगढ़।** सेक्टर 32 के एसडी कॉलेज ने इंटर्नशिप पूरी कर चुके विद्यार्थियों के लिए जरूरी निर्देश जारी किए हैं। कॉलेज ने बताया है कि सभी छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप खत्म होने के 10 दिनों के भीतर अपनी इंटर्नशिप रिपोर्ट तैयार करनी होगी। कॉलेज के अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी को रिपोर्ट की तीन हार्ड कॉपी तैयार करनी होंगी। इनमें एक कॉलेज, एक सुपरवाइजर और एक स्वयं विद्यार्थी के लिए होगी। यदि संबंधित कंपनी या एनजीओ की ओर से रिपोर्ट मांगी जाती है तो वहां भी रिपोर्ट जमा करनी होगी। सभी रिपोर्ट पर सुपरवाइजर के हस्ताक्षर होना जरूरी है। कॉलेज ने बताया कि इंटर्नशिप से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज, जैसे लॉग बुक, फीडबैक फॉर्म, इंटर्नशिप पूरी होने का प्रमाणपत्र और इंटर्नशिप रिपोर्ट 20 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य है। इन सभी दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी भी संबंधित सुपरवाइजर द्वारा साझा किए गए ड्राइव लिंक पर अपलोड करनी होगी। सभी दस्तावेज कॉलेज के प्रशासनिक ब्लॉक के बेसमेंट में स्थित इंटर्नशिप सेल कार्यालय में जमा किए जाएंगे। वहीं इंटर्नशिप का वाइवा जुलाई के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। ब्यूरो

पंजाब केसरी 6/7/26

# तीन दिवसीय जी.एस.टी. प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, 'टैक्सऑन' मोबाइल ऐप लॉन्च

### जी.एस.टी. क्षेत्र में बढ़ते रोजगार अवसरों पर विशेषज्ञों ने डाला प्रकाश, ए.आई. आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत




*चंडीगढ़ में आयोजित जी.एस.टी. प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मौजूद अतिथि एवं प्रतिभागी।* (परमजीत)

चंडीगढ़, 5 जुलाई (आशीष): ब्राइटएज टैक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने पंजाब चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री तथा एस.सी.एल. लाइफसाइंसेज लिमिटेड के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय 'जी.एस.टी. : कॉन्सेप्ट्स टू कंप्लायंस' प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, टैक्स पेशेवरों, उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों और जी.एस.टी. अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

समापन समारोह में जी.एस.टी. विभाग, न्यायिक क्षेत्र, शिक्षा जगत और उद्योग से जुड़े कई विशेषज्ञ मौजूद रहे। इनमें राजन दत्त (कमिश्नर, जी.एस.टी. ऑडिट, पंचकूला), गौरव धवन (कमिश्नर, जी.एस.टी. अपील, लुधियाना), ट्राइडेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दीपक नंदा, वरिष्ठ अधिवक्ता गुरकिरण सिंह, हामीद गनई, जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा, पंजाब चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महासचिव दलिप शर्मा, संजीव अग्रवाल, कंपनी सेक्रेटरी अर्जुन त्यागी तथा गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्य डॉ. सपना नंदा शामिल रहे।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि जी.एस.टी. के क्षेत्र में रोजगार और करियर की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और पेशेवरों से कराधान एवं अनुपालन संबंधी ज्ञान को लगातार अपडेट रखने का आह्वान किया। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम के व्यावहारिक स्वरूप की सराहना करते हुए आयोजकों की प्रशंसा की।

## ए.आई. मददगार, लेकिन मेहनत का विकल्प नहीं

राजन दत्त, कमिश्नर, सीजी.एस.टी. एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क (ऑडिट), पंचकूला ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जी.एस.टी. प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, लेकिन यह कभी भी ईमानदारी, पेशेवर नैतिकता और कड़ी मेहनत का विकल्प नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि तकनीक का उद्देश्य कार्य को आसान बनाना है, इसलिए युवाओं को आधुनिक डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ अपने व्यावसायिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करना चाहिए।